राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 12 मार्च। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर अजमेर, जयपुर तथा भरतपुर सम्भाग के नगर निकायों में कांग्रेस पार्टी से जीते हुए चेयरमेन तथा वाईस चेयरमेन की बैठक लेकर संवाद किया तथा नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा करने के साथ ही जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए आम लोगों तक राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ मिले यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी प्रदान की।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने बैठक में भाग ले रहे सभी जनप्रतिनिधियों से उनके निकाय क्षेत्रों में आ रही समस्यायें एवं सुझावों पर चर्चा की। श्री डोटासरा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर निकायों में जीते हुए जनप्रतिनिधि सरकार एवं आम जनता के बीच की पहली कड़ी होते हैं, इसलिये आम जनता की समस्याओं के निदान की पहली जिम्मेवारी निकायों के पार्षदगण एवं सभापतियों की होती है। उन्होंने कहा कि सभी नगर निकायों के चेयरमेन एवं वाईस चेयरमेन पार्षदगण से समन्वय बनाकर काम करें तथा फीडबैक लेकर जनसमस्याओं के समाधान हेतु योजनायें बनाये। उन्होंने कहा कि नगर निकायों के चेयरमेन एवं पार्षदगण संगठन के प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों की पालना गंभीरता से करें तथा संगठन से जुड़कर जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जनसमस्याओं के निराकरण में जुट जायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने बहुमत प्रदान कर कांग्रेस पार्टी को प्रदेश में कल्याणकारी सरकार चलाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि गुड गर्वनेन्स के आधार पर कार्य करते हुए प्रदेश की सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना सहित अनेक लोककल्याणकारी योजनायें बनाकर प्रदेश की जनता को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के गुड गर्वनेन्स का ही परिणाम है कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में हुए विधानसभा उप चुनावों से लेकर शहरी निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं के चुनावों में विजयी रही है।

श्री डोटासरा ने कहा कि देश में लम्बे समय तक कांग्रेस की सरकार रही तथा कांग्रेस सरकारों ने देश में हरित क्रांति लाकर खाद्यान्न के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाया, साथ ही श्वेत क्रांति के माध्यम से किसानों की आय को बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस

2..........

Created by Universal Document Converter

सरकारों ने लगातार कार्य करते हुए देश में औद्योगिकीकरण, सिंचाई, शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित किये है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने देश में मनरेगा, खाद्य सुरक्षा अधिनियम, राईट टू एज्यूकेशन जैसे महत्वपूर्ण कानून बनाकर आम आदमी को रोजगार, शिक्षा एवं खाद्य सुरक्षा के अधिकार प्रदान किये। उन्होंने कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार जनता से किये गये वादों को भूल चुकी है तथा देश में मंहगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं ने विकराल रूप धारण कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता से सबसे करीबी जुड़ाव रखने वाले निकाय प्रतिनिधियों को राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार आम जनता में इस प्रकार करना चाहिये कि कोई प्रदेशवासी इन योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि सभी निकाय प्रतिनिधियों को केन्द्र सरकार की विफलताओं से भी जनता को अवगत कराना चाहिये ताकि आम जनता राज्य सरकार की उपलब्धियां एवं केन्द्र सरकार की विफलतायें का आकलन कर भाजपा के झूठे प्रचार-प्रसार में ना फंसे। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल सदस्यता अभियान के माध्यम से कांग्रेस से जोड़े तथा राज्य सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार जोर शोर से सभी माध्यमों से करें जिससे वर्ष 2023 में पुनः प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन सके।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में उपस्थित निकाय प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को सरकार तक पहुँचाने तथा स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने दिया।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter